उदाहरण -	नवपलाशपलाशवनं पुर स्फुटपरागतपङ्कजम् । मृदुललतान्तलतान्तमलोकयत् ससुरभि सुमनो भरैः ।। इस श्लोक में पलाश-पलाश, पराग-२, लतान्त, सुरभि-२ पदों की आवृत्ति है। परन्तु अर्थ भिन्न-२ होने के कारण यहाँ यमक अलंकार है।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पुनरावृत्ति :-

प्र०(i) अलंकार किसे कहते हैं?

(ii) अलंकार के भेद बताइए?

(iii) उपमालंकार किसे कहते हैं?

गृहकार्य :-

प्र०(1) अनुप्रास अलंकार की परिभाषा दीजिए? और यमक अलंकार की परिभाषा व उदाहरण लिखकर लाओगे।

Lesson No : 2

Date 4 - 2 - 12 | Duration of the period

Pupil Teacher's Name प्रीति | Pupil Teacher's Roll No. 729

Class 7th | Average Age of the pupils

Subject संस्कृत | Topic सन्धि

अनुदेशनात्मक उद्देश्य)

(i) विद्यार्थी सन्धि को पहचानने की योग्यता ~~रखते है।~~ हो जाएँगे।

(ii) विद्यार्थी सन्धि के बारे में प्रत्यास्मरण ~~करते है।~~ कर सकेंगे।

(i) विद्यार्थी सन्धि के उदाहरण को देने ~~की योग्यता रखते है।~~ के योग्य हो सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी सन्धि का अर्थ बताने के योग्य हो जाएँगे।

(3)

(i) विद्यार्थी सन्धि का निष्कर्ष निकालने ~~की योग्यता रखते है।~~ योग्य हो जाएँगे

(ii) विद्यार्थी सन्धि से सम्बन्धित परिकल्पना का निर्माण ~~करने की योग्यता रखते है~~ कर सकेंगे।

विद्यार्थी सन्धि का संश्लेषण ~~करने की योग्यता रखते है~~ कर सकेंगे।

CIMETRIX SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

(11) विद्यार्थी सन्धि का मूल्यांकन करने की योग्यता रखते है।

सामान्य सहायक सामग्री :- चाक, डस्टर, पोइंटर, बोर्ड

विशिष्ट " "

पूर्व ज्ञान परीक्षण

	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
(क)	दो वर्णों के मेल को क्या कहते है ?	शब्द
(ख)	दो या दो से अधिक शब्दों के मेल को क्या कहते है ?	वाक्य
(ग)	वर्णों के समूह को क्या कहते है ?	वर्णमाला
(घ)	जब दो वर्ण परस्पर मिलते है तो उनके मेल को क्या कहते है ?	?

उद्घोषणा :- अच्छा बच्चों आज हम सन्धि

CIMETRIX SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

और उसके भेदों के विषय में अध्ययन करेंगी।

प्रस्तुतीकरण :→

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	श्यामपट्ट
सन्धि:	सन्धि शब्द का अर्थ है मेल या जोड़ सन्धि हिन्दी तथा संस्कृत भाषा का महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि यह शब्द रचना के प्रमुख आधारों में से एक ही है। संस्कृत भाषा में सन्धि से आशय दो वर्णों के परस्पर मेल से है।		सन्धि सन्धि शब्द का अर्थ है मेल या जोड़ है।
सन्धि की परिभाषा	जब दो शब्दों के वर्ण परस्पर मिलकर एकरूप हो जाते हैं तो उसे सन्धि कहते हैं।		
प्रश्न.	सन्धि की परिभाषा दीजिए?	जब दो शब्दों के वर्ण परस्पर मिलकर एकरूप हो जाते हैं तो उसे सन्धि कहते हैं।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	सन्धि में यह मेल पहले शब्द के अन्तिम वर्ण और बाद वाले शब्द के प्रथम वर्ण में होता है। सन्धि करते समय दोनों शब्दों का आपस में मिलना या होना आवश्यक है। दूर-दूर स्थित शब्दों में सन्धि नहीं हो सकती है।	
प्र० सन्धि के भेद →	किन शब्दों में सन्धि नहीं हो सकती है? सन्धि के मुख्यतः तीन प्रकार की होती है। (1) स्वर सन्धि (2) व्यञ्जन सन्धि (3) विसर्ग सन्धि।	दूर-दूर स्थित शब्दों में।
प्रश्न –	सन्धि के मुख्यतः कितने भेद है?	तीन
स्वर सन्धि –	जब दो स्वरों के मिलने पर विकार उत्पन्न होता है तब उसे स्वर सन्धि कहते है।	

CIMETRIX SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
स्वर सन्धि के प्रकार	स्वर सन्धि मुख्यतः पाँच प्रकार की होती है। (1) दीर्घ सन्धि (2) गुण सन्धि (3) वृद्धि सन्धि (4) यण् सन्धि (5) अयादि सन्धि	
प्रश्न-	स्वर सन्धि के कितने भेद हैं ?	पाँच प्रकार
(1) दीर्घ सन्धि	सूत्र :- अकः सवर्णे दीर्घः अर्थात् जब ह्रस्व या दीर्घ अ आ, इ, ई, उ ऊ तथा ऋ वर्ण के पश्चात् इनके वर्ण आते हैं तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई ऊ और ॠ बन जाते हैं। तब दीर्घ सन्धि कहलाती है जैसे- हिम + आलयः = हिमालयः विद्या + अर्थी = विद्यार्थी	
प्रश्न	दीर्घ सन्धि का कोई उदाहरण दीजिए ?	रवि + इन्द्र = रवीन्द्र भानु + उदय = भानूदयः

CIMETRIX SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं
गुण सन्धि	आद्गुण: अर्थात जब अ या आ के बाद इ या ई उ या ऊ, ऋ या लृ आते है तो दोनो क्रमशः ए, ओ, अर और अल हो जाता है तब गुण सन्धि होती है। उदाहरण:- रमा+ईशः=रमेशः महा + उत्सवः = महोत्सवः	
प्रश्न –	गुण सन्धि का कोई उदाहरण दीजिए ?	सप्त+ऋषि= सप्तर्षिः सर्व+उदयः= सर्वोदयः

CIMETRIX
SKILLED INDIA SKILLED INDIA

पुनरावृत्ति :→

प्र01 सन्धि किसे कहते है ?
प्र02 सन्धि के प्रकार बताइए ?
प्र03 हिमन आलय किस सन्धि का ...

गृहकार्य :→

प्र01 सन्धि का अर्थ व प्रकार बताइए ?
प्र02 सर्वोदय का सन्धिविच्छेद कीजिए ?

Lesson No : 3

Date 6 - 9 - 2012 Duration of the period 35 मिनट

Pupil Teacher's Name प्रीति Pupil Teacher's Roll No. 729

Class 6th Average Age of the pupils

Subject संस्कृत Topic सर्वनाम (शब्द रूप)

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

(i) विद्यार्थी सर्वनाम के बारे में जानने ~~की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी सर्वनाम के बारे में प्रत्यास्मरण करने ~~की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

(i) विद्यार्थी सर्वनाम के विषय में उदाहरण ~~देने की~~ दे ~~योग्यता रखते हैं~~। सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी सर्वनाम का अर्थ बताने ~~की योग्य हैं~~ बता सकेंगे।

(i) विद्यार्थी सर्वनाम का निष्कर्ष निकालने ~~की योग्यता रखते हैं~~। सकेंगे

(ii) विद्यार्थी सर्वनाम से सम्बन्धित कारण बताने ~~की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे। कर सकेंगे।

(i) विद्यार्थी सर्वनाम से सम्बन्धित विश्लेषण करने के योग्य हैं

(ii) विद्यार्थी सर्वनाम का संश्लेषण करने ~~की योग्यता रखते हैं~~

योग्य हो जायेंगे।

(i) सामान्य सहायक सामग्री :-
(ii) विशिष्ट → चाक, डैस्टर, पोस्टर बोर्ड/चार्ट

पूर्वज्ञान परीक्षण

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र- क्रियाएँ
संज्ञा किसे कहते है ?	किसी वस्तु स्थान यू प्राणी के नाम को संज्ञा कहते है।
संज्ञा का उदाहरण दीजिए ?	बालक पठति। देवी: नमः।
सर्वनाम किसे कहते है ?	संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते है।
सर्वनाम का कोई उदाहरण दीजिए .	?

उद्देश्य कथन :- बच्चों! आज हम सर्वनाम के विषय में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगें।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :→

शिक्षण बिंदु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र-क्रियाएँ
सर्वनाम से आशय	संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम शब्दों का प्रयोग सभी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के लिए किया जा सकता है जैसे अहम् (मैं) त्वम् (तुम) युवाम् (तुम दोनों) यूयम् (तुम सब) सः (वह) तौ (वे दोनों) ते (वे सब) इदम् (यह) भवत् (आप)	
प्रश्न →	सर्वनाम किसे कहते हैं ?	संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
सर्वनाम के भेद →	सर्वनाम के पाँच भेद होते हैं जो इस प्रकार हैं:→ (1) पुरुषवाचक सर्वनाम (2) निश्चयवाचक सर्वनाम (3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (4) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (5) प्रश्नवाचक सर्वनाम।	
1) पुरुषवाचक सर्वनाम	सर्वनाम शब्दों के जिस रूप में उनके वक्ता, श्रोता तथा अन्य अर्थात् जिसके विषय में बात कि जाती है। उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहा जाता है।	
प्रश्न —	सर्वनाम के कितने भेद हैं?	पाँच
पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद —	(1) प्रथम पुरुष (2) मध्यम पुरुष (3) उत्तम पुरुष	
प्रश्न →	पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद है?	तीन

CIMETRIX
SKILLED INDIANS, SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ-
(3) निश्चय वाचक सर्वनाम	जिन सर्वनाम शब्दों से निश्चयात्मक संज्ञाओं के विषय में संकेत किया जाता है उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते है।	
(5) अनिश्चय वाचक सर्वनाम	जिन सर्वनामों से उनके द्वारा संकेतिक संज्ञाओं के विषय में कोई निश्चय नहीं होता है उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते है। जैसे- कोई कोई।	
प्रश्न-	निश्चय वाचक सर्वनाम की परिभाषा दीजिए?	जिन सर्वनाम शब्दों से निश्चय वाचक संज्ञाओं के विषय में संकेत किया जाए उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते है जैसे- यह पुस्तक मेरी है।
(4) सम्बन्ध वाचक सर्वनाम	जिन शब्दों से दो संज्ञाओं के अभिन्न सम्बन्ध का ज्ञान होता है उसे सर्वनाम कहते है।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
प्रश्नवाचक सर्वनाम-	जिन सर्वनाम शब्दों से प्रश्न पूछा जाता है, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते है। जैसे → कः, किम्, कुत्र, कथम्, क्व, कतर आदि।	
सर्वनाम का उदाहरण विभक्ति –	पितृ के रूप एकवचन द्विवचन बहुवचन पिता पितरौ पितरः पितरम् पितरौ पितॄन् पित्रा पितृभ्याम् पितृभिः पित्रे पितृभ्याम् पितृभ्यः पितुः पितृभ्याम् पितृभ्यः पितुः पित्रोः पितृणाम् पितरि पित्रोः पितृषु हे पितः। हे पितरौ। हे पितरः	

पुनरावृत्ति :→

प्र० i सर्वनाम किसे कहते है ?
प्र० ii सर्वनाम के प्रकार बताइए ?
प्र० iii सर्वनाम का एक उदाहरण दीजिए

गृहकार्य :→

सभी बच्चे पुरूषवाचक सर्वनाम की परिभाषा और उसके भेद तथा माता का शब्द रूप कॉपी में लिखकर लेकर आयेंगे

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Lesson No : ५

Date 8-2-2012

Pupil Teacher's Name प्रीति

Class 8th

Subject संस्कृत

Duration of the period

Pupil Teacher's Roll No. ७२९

Average Age of the pupils

Topic कारक विभक्ति परिचय

(अनुदेशनात्मक उद्देश्य)

(i) विद्यार्थी कारक-विभक्ति के विषय में पहचानने ~~की योग्यता रखते है।~~ सकेंगे

(ii) विद्यार्थी कारक व विभक्ति के बारे में प्रत्यास्मरण करने ~~की योग्यता रखते है।~~ सकेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

(i) विद्यार्थी कारक व विभक्ति के उदाहरण ~~देने की योग्यता रखते है~~ दे सकेंगे

(ii) विद्यार्थी कारक व विभक्ति के सामान्यकरण ~~की योग्यता रखते है।~~ योग्य हो जायेंगे

(i) विद्यार्थी कारक व विभक्ति सम्बन्धित निष्कर्ष निकाल ~~की योग्यता रखते है~~ सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी कारक व विभक्ति सम्बन्धित परिकल्पना का निर्माण ~~करने की योग्यता रखते है।~~ कर सकेंगे।

कौशलात्मक उद्देश्य :→

(i) विद्यार्थी कारक या विभक्ति से सम्बन्धित संश्लेषण कर सकते है।

(ii) विद्यार्थी कारक विभक्ति से सम्बन्धित मूल्यांकन करने की योग्यता रखते है।

(iii) विद्यार्थी कारक व विभक्ति से सम्बन्धित विश्लेषण करने की योग्यता रखते है।

सामान्य **सहायक सामग्री :→** चाक, डस्टर, पोइंटर श्यामपट्ट।

विशिष्ट ″ ″ —

पूर्वज्ञान परीक्षण

छात्राध्यापिका क्रियाऐं	छात्र क्रियाऐं
(1) अक्षर किसे कहते है?	अक्षर किसी भी भाषा के मूल आधार होते है।
(2) व्यंजन किसे कहते है?	जिन वर्णो का उच्चारण करते समय स्वरो की सहायता लेनी पड़ती है जैसे कि ख, ग
(3) क्रिया किसे कहते है?	→ किसी काम का करना या होना पाया जाए उन्हे क्रिया कहते
(4) कारक किसे कहते है	?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

उपविषय की घोषणा :→ अच्छा तो बच्चों आज हम विभक्ति और कारक के विषय में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे।

प्रस्तुतीकरण :→

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र-क्रियाएँ
कारक की परिभाषा-	जिन शब्दों का क्रिया के साथ सीधा सम्बन्ध होता है उन्हें कारक कहते हैं, जैसे → रामः पुस्तकं पठति (राम पुस्तक पढ़ता है) इस वाक्य में राम कर्ता है। पुस्तकं कर्म है। और पठति क्रिया है यहाँ पर रामः और पुस्तकं पद, पठति क्रिया के कर्ता कारक और कर्म कारक कहलाते हैं।	
प्रश्न-	कारक का कोई एक उदाहरण दीजिए	रामः कलमं खादति।
कारक के भेद-	संस्कृत में सात विभक्तियाँ और एक सम्बोधन होता है इन सातों विभक्तियों के सात कारक होते हैं परन्तु संस्कृत के व्याकरण सात कारकों में से	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र - क्रियाएँ
	सम्बन्ध को कारक नहीं मानते, इस प्रकार कारक के छः भेद हो जाते है।	
प्रश्न :→	संस्कृत में कितने कारक है?	छः कारक है
	कारक के छः भेद इसप्रकार है :→	

विभक्ति	कारक	चिन्ह
प्रथमा	कर्ता	ने
द्वितीया	कर्म	को
तृतीया	करण	से (के द्वारा)
चतुर्थी	सम्प्रदान	को, के लिए
पंचमी	अपादान	से (अलग होना)
षष्ठी	सम्बन्ध	का के, की
सप्तमी	अधिकरण	में, पर
सम्बोधन	सम्बोधन	हे, अरे

संस्कृत मे छः कारक और सात विभक्तियाँ है।

प्रश्न :—	संस्कृत में कितनी विभक्तियाँ है?	सात विभक्तियाँ है।
प्रथमा विभक्ति	क्रिया को करने वाला	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र- क्रियाएँ
	कर्त्ताकारक कहलाता है। जैसे :- मोहनं गृहं गच्छति। रामेण रावणः हन्यते।	
प्रश्न →	प्रथमा विभक्ति की परिभाषा दीजिए ?	क्रिया को करने वाला है उसमें प्रथमा विभक्ति का प्रयोग होता है जैसे :- रामः गृहं गच्छति।
द्वितीया विभक्ति	जिस पर क्रिया के व्यापार का फल पड़ता है। उसमें द्वितीया विभक्ति आती है। इसे कर्मकारक कहा जाता है। ~~कमला पाठशालां गच्छति।~~	
प्रश्न :-	द्वितीया विभक्ति का कोई उदाहरण दीजिए ?	~~अध्यापकः छात्रां पाठयति।~~
तृतीया विभक्ति-	जिस साधन के द्वारा कर्त्ता क्रिया को सिद्ध करता है। इसमें तृतीया विभक्ति आती है। जैसे देवेन अश्वः नीयते।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	जिसके द्वारा कुछ दिया जाता है या क्रिया की जाती है। उसमें चतुर्थी विभक्ति तथा सम्प्रदानकारक कहा जाता है।	
	जैसे – विमला पाठनाय पाठशालां गच्छति।	जिसके द्वारा क्रिया की जाती या कुछ दिया जाता
प्रश्न – पंचमी विभक्ति	**सम्प्रदानकारक की परिभाषा दीजिए** जहाँ किसी व्यक्ति का किसी स्थान या वस्तु से अलग होना पाया जाए वहाँ पञ्चमी विभक्ति आती है इसे अपादानकारक कहते हैं जैसे – वृक्षात् पत्राणि पतन्ति।	
षष्ठी विभक्ति	जहाँ एक वस्तु का दूसरी वस्तु से सम्बन्ध बताया जाए वहाँ षष्ठी विभक्ति होती है। मोहनः ग्रामे निवसति	

METRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पुनरावृत्ती :→

(i) कारक किसे कहते हैं?
(ii) सम्बन्ध कारक के विषय में बताइए।
(iii) पंचमी विभक्ति का उदाहरण दीजिए।

गृहकार्य :→

(i) सभी बच्चे कारक के भेद तथा चतुर्थी विभक्ति के उदाहरण लिखकर तथा याद करके लेकर आओगे।

Lesson No :- 5

Date 9-2-2012

Duration of the period

Pupil Teacher's Name प्रीति

Pupil Teacher's Roll No 729

Class 7th

Average Age of the pupils

Subject संस्कृत

Topic लालनगीतम् (लोरी)

अनुदेशानात्मक उद्देश्य :→

(i) विद्यार्थी लालनगीतम् के अर्थ ~~को बताने की योग्यता रखते है~~ बता सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी लालनगीतम् के बारे में प्रत्यास्मरण ~~करने की योग्यता रखते हैं~~ कर सकेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

(i) विद्यार्थी लालनगीतम् से सम्बन्धित उदाहरण दे~~ने की योग्यता रखते है~~ दे सकेंगे

(ii) विद्यार्थी लालनगीतम् का सामान्यीकरण कर~~ने की योग्यता रखते है~~ सकेंगे

(i) विद्यार्थी लालनगीतम् का निष्कर्ष निकाल~~ने की योग्यता रखते है~~ सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी लालनगीतम् का संश्लेषण कर ~~सकते है~~ सकेंगे

→ विद्यार्थी लालनगीतम् से

सम्बन्धित विश्लेषण करने के योग्य है।

(ii) विद्यार्थी लालनगीतम् से सम्बन्धित मूल्यांकन करने की योग्यता रखते है।

(iii) विद्यार्थी लालनगीतम् से सम्बन्धित परिकल्पना निर्माण करने की योग्यता रखते है।

(i) सामान्य **सहायक सामग्री :→**

चाक, संकेतक पॉइन्टर श्यामपट्ट ।

(ii) विशिष्ट " " ⇒ — — —

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
प्रातः काल सूर्य का उदय होना क्या कहलाता है?	सूर्योदय ।
सूर्य के छिपने के समय को क्या कहते है?	सन्ध्या काल
रात को सोने से पहले बच्चों को क्या सुनाते है?	?

उपविषय की घोषणा :→ अच्छा तो बच्चों ! आज हम लालनगीत (लोरी) का अध्ययन करेंगे ।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :→

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
श्लोक	उदिते सूर्ये धरणी विहसति पक्षी कूजति कमलं विकसति। नदति मन्दिरे उच्चैः सरितः सलिले खेलति नौका:॥	
श्लोक का अर्थ-	सूर्य के उदय होने पर धरती हँसती है। पक्षी चहचहाते है। कमल खिलता है, मन्दिर में ऊँची आवाज में नगाड़ा बजता है नदी के पानी में नौका डगमगाती है	
प्रश्न-	खेलति का इस श्लोक में क्या अर्थ है ?	डगमगाती है।
श्लोक	पुष्पे-पुष्पे नानारङ्गा। तेषु डयन्ते चित्रपतङ्गा:॥ वृक्षे-वृक्षे नूतनपत्रम्। विविधैर्वर्णैर्विभाति चित्रम्॥	
श्लोक का अर्थ-	फूल-फूल पर अनेक रंग है, उन पर तितलियाँ उड़ रही है वृक्ष-वृक्ष पर नये-२ पत्ते है जो अनेक रंगो से सुशोभित है।	
प्रश्न-	इस श्लोक में नूतनपत्रम् का क्या अर्थ है ?	नया पत्ता

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र - क्रियाएँ
श्लोक	धेनुः प्रातर्यच्छति दुग्धम् शुद्धं, स्वच्छं मधुरं स्निग्धम् गहने विपिने व्याघ्रो गर्जति। उच्चैस्तत्र च सिंहः नर्दति।	
श्लोक का अर्थ -	प्रातः काल गाय शुद्ध, स्वच्छ, मधुर तथा चिकना दूध देती है। घने वन में बाघ गर्जता है और सिंह जोर से दहाड़ता है।	
प्रश्न -	इस श्लोक में गहने विपिने का क्या अर्थ है।	घने वन में।
श्लोक -	हरिणोऽयं खादति नवघासम् सर्वत्र च पश्यति सविलासम् उष्ट्रः, तुङ्गः मन्दं गच्छति पृष्ठे प्रचुरं भारं निवहति॥	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र-क्रियाएँ
श्लोक का अर्थ -	यह हरि हिरणः ताजा घास खा रहा है। और सब जगह (चारों ओर) आनन्दपूर्वक देख रहा है ऊँचा- ऊँट धीरे-2 चल रहा है और पीठ पर भारी बोझ ढो रहा है।	
	इस श्लोक में "सविलासम्" तथा उष्ट्रः का क्या अर्थ है?	सविलासम् का अर्थ है - आनन्दपूर्वक और उष्ट्रः का अर्थ ऊँट।
श्लोक	घोटकराजः क्षिप्रं धावति धावनसमये किमपि न खादति पश्यत भल्लूकमिमं करालम् नृत्यति थथथै कुरु करतालम्	
श्लोक का अर्थ -	घोड़ा राजा तेज दौड़ रहा है दौड़ते समय व कुछ भी नहीं खा रहा है। सब देखो यह भयंकर भालू थथथै करके नाच रहा है सब तालियाँ बजाओ।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

पुनरावृत्ति :→

प्र०1. सूर्य के उदय होने पर क्या होता है?

प्र०2. महने विपिन किम् गर्जति?

प्र०3. चौरकराज किम् धावति।

गृहकार्य :→ सभी बच्चे सारे श्लोकों की हिन्दी में अर्थ तथा शब्दार्थ लिखकर व याद करके लेकर आओगे।

P.P. Presentation was clear
Teaching aid were used.

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Lesson No :......6..........

Date......10 - 2 - 2012...................... Duration of the period

Pupil Teacher's Name.......... प्रीति .... Pupil Teacher's Roll No. 729

Class.......... 6th .... Average Age of the pupils.........

Subject.......... संस्कृत .... Topic.......... वायुविहारं (वायु यात्रा

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :-

(i) विद्यार्थी वायुविहार को पहचान ~~की योग्यता रखते है~~ सकेंगे

(ii) विद्यार्थी वायुविहार का प्रत्यास्मरण ~~करने की योग्यता रखते है~~ कर सकेंगे।

(i) विद्यार्थी वायुविहार के अर्थ को बता ~~की योग्यता रखता~~ है सकेंगे

(ii) विद्यार्थी वायुविहारं के समय मार्ग में आने वाली वस्तुओं का उदाहरण देने की योग्यता रखते है।

(i) विद्यार्थी वायुविहारं का निष्कर्ष ~~निकालने की योग्यता रखते है~~। निकाल सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी वायुविहारं से सम्बन्धित परिकल्पना का निर्माण करने की योग्यता रखते है।

(i) विद्यार्थी वायुविहारं का संश्लेषण करने की योग्यता रखते है।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

(ii) विद्यार्थी वायुविहार का मूल्यांकन करने की योग्यता रखते हैं।

सहायक सामग्री :→

चाक, झाड़न, संकेतक, श्यामपट्ट, चार्ट।

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका-क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
(1) आकाश को हम क्या कहते हैं?	ब्रह्माण्ड
(2) ब्रह्माण्ड के अन्दर कौन-२ से ग्रह पाए जाते हैं?	पृथ्वी, बृहस्पति, चन्द्रमा, मंगल, बुध, शुक्र, शनि, यम कुबेर
(3) पृथ्वी, सूर्य, चन्द्रमा आदि को देखने के लिए हम ब्रह्माण्ड में किस साधन द्वारा जाते हैं?	वायुयान द्वारा।
(4) वायुयान द्वारा यात्रा करना क्या कहलाता है?	?

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

उपविषय की घोषणा :-> अच्छा तो बच्चों आज हम वायुयान के विषय में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे ।

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र-क्रियाएँ
श्लोक	राघव । माधव । सीते । ललिते विमानयानं रचयाम नीले गगने विमले वायुविहारं करवाम ॥	
श्लोक का अर्थ	राघव, माधव, सीता, ललिता आओ हम हवाई जहाज बनाए, नीले, विस्तृत और निर्मल आकाश में हम वायु यात्रा करें ।	
प्रश्न	इस श्लोक में विमानयानं का क्या अर्थ है ?	हवाई जहाज
श्लोक	उन्नतवृक्षं तुङ्गं भवनं क्रान्त्वाकाशे खलु याम । कृत्वा हिमवन्तं सोपानं चन्द्रलोकं प्रविशाम ॥	
श्लोक का अर्थ	हम ऊँचे वृक्ष ऊँचे भवन और ऊँचे	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र- क्रियाएँ
	आकाश को पार करके चलें। हम बर्फ की सीढ़ी बनाकर चन्द्रलोक में प्रवेश करें।	
प्रश्न :→	उन्नतवृक्ष का इस श्लोक में (में) क्या अर्थ है?	उच्चे वृक्ष
श्लोक -	शुक्रश्चन्द्रः सूर्यो गुरुरिति ग्रहान् हि सर्वान् गणयाम् विविधाः सुन्दरता राश्चित्वा मौक्तिकहारं रचयाम!!	
श्लोक का अर्थ →	हम शुक्र, चन्द्र, सूर्य, गुरु इन सभी ग्रहों को गिनें और अनेक प्रकार के सुन्दर तारों को चुनकर हम मोतियों का हार बनाएँ।	
प्रश्न	मौक्तिकहारं का इस श्लोक में क्या अर्थ है?	मोतियों का हार।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र - क्रियाएँ
श्लोक-	अम्बुदमालाम् अम्बरभूषाम् आदायैव हि प्रतियाम दुःखित- पीड़ित-कृषिकजनानां गृहेषु हर्ष जनयाम॥	
श्लोक का अर्थ -	बादलों की माला और आकाश की शोभा को लेकर ही हम वापिस लौटें। दुःखी, पीड़ित और किसान लोगों के घरों में हम खुशी पैदा करें।	
प्रश्न -	इस श्लोक में अम्बुदमालाम् क्या अर्थ है ?	बादलों की माला
श्लोक-	गुणा गुणज्ञेषु गुणा भवन्ति। ते निर्गुणं प्राप्य भवन्ति दोषाः॥ आस्वाद्यतोयाः प्रवहन्ति नद्यः। समुद्रमासाद्य भवन्त्यपेयाः॥ सद्गुण गुणों के जानने वाले लोगों के पास रहते हुए ही गुण रहते हैं, वे निर्गुणों के पास जाकर दोष हो जाते हैं।	

IMETRIX SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	श्यामपट्ट कार्य
	स्वादयुक्त जल वाली नदियों का जल समुद्र में मिलने पर न पीने योग्य (खारा) हो जाता है।		
प्रश्न —	इस श्लोक में गुणज्ञेषु का क्या अर्थ है?	गुणों को जानने वालों में।	

पुनरावृती :→

प्र०1 के [illegible] रचयन्ति?

प्र०2 वयं कस्मिन् लोके प्रविशाम?

प्र०3 वयं कीदृशं सोपानं रचयाम?

गृहकार्य :→

वायुयानं कीदृशं एवं कीदृशं भवनं च कृत्वा उपरि गच्छति? (स्मरण करोमि)

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Lesson No : 7

Date 13-2-2012 Duration of the period

Pupil Teacher's Name प्रीति Pupil Teacher's Roll No 729

Class 7th Average Age of the pupils

Subject संस्कृत Topic कल्पलतेव विद्या

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

(i) विद्यार्थी विद्या शब्द को पहचानने ~~की योग्यता रखते हैं~~। हो जाएगे

(ii) विद्यार्थी विद्या को प्रत्यास्मरण करने ~~की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे।

(i) विद्यार्थी विद्या से सम्बन्धित उदाहरण ~~देने की योग्यता रखते हैं~~। दे सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी विद्या का अर्थ बताने ~~की योग्यता रखते हैं~~। हो जाएगे।

(i) विद्यार्थी विद्या का निष्कर्ष निकालने ~~की योग्यता रखते हैं~~। सकेंगे।

(ii) विद्यार्थी विद्या से सम्बन्धित परिकल्पना का निर्माण ~~करने की योग्यता रखते हैं~~। कर सकेंगे।

ntinuatic

(i) विद्यार्थी विद्या का संश्लेषण करने ~~की योग्यता~~ सकेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

रखते हैं।

(iii) विद्यार्थी विद्या का मूल्यांकन करने की योग्यता रखते हैं।

सामान्य **सहायक सामग्री :→** चाक, संकेतक, पाइन्टर चार्ट इत्यादि।

विशिष्ट " "

पूर्वज्ञान परीक्षण :→

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
संसार के प्राणियों में श्रेष्ठ प्राणी कौन-सा है?	मनुष्य
मनुष्य सबसे श्रेष्ठ क्यों है?	मानवता के कारण
मनुष्य का सबसे कीमती और महत्वपूर्ण आभूषण कौन-सा है?	?

उद्घोषणा :→ अच्छा बच्चों, आज हम विद्या के विषय में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
श्लोक →	न चौरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि व्यये कृते वर्धत एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् ॥	
श्लोक का अर्थ	विद्या न चोरों के द्वारा चुराने योग्य है न राजा के द्वारा छीनने योग्य है, न भाइयों के द्वारा बाँटने योग्य है और न भार बढ़ाने वाली है। यह प्रतिदिन खर्च किए जाने पर भी बढ़ती ही है। इस प्रकार विद्याधन सब धनों में प्रमुख धन है।	
प्रश्न -	चौरहार्य का इस श्लोक में क्या अर्थ है ?	चोरों के द्वारा चुराने योग्य
श्लोक →	विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्नगुप्तं धनम् विद्या भोगकरी यशः सुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः, विद्या बन्धुजनो विदेशगमने परा देवता विद्या राजसु पूज्यते न हि	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएं	छात्र क्रियाएं
	धनं विद्या परा देवता ॥	
श्लोक का अर्थ :→	विद्या मनुष्य का सबसे बड़ा रूप है। विद्या सबसे अधिक छुपा हुआ निजि धन है। विद्या गुरुओं की गुरु है। विदेश जाने पर विद्या मित्र होती है विद्या सबसे बड़ा देवता है। राजाओं में विद्या ही पूजी जाती है धन नहीं पूजा जाता, विद्या से हीन मनुष्य पशु ही होता है।	
प्रश्न →	बालिका का इस श्लोक में क्या अर्थ है?	एकमात्र बाणी
श्लोक	केयूराः न विभूषन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्जवला न स्नानं न विलपनं न कुसुम नालङ्कृता मूर्धजाः बाण्यका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते क्षीयन्ते ऽखिल भूषणानि सततं	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	वाग्भूषणं भूषणम् !!	
श्लोक का अर्थ –	बाजुबंद मनुष्य को सुशोभित नहीं करता है, चन्द्रमा के समान चमकदार हार भी मनुष्य को सुशोभित नहीं करते हैं, न स्नान करना, न शरीर पर सुगन्धित द्रव्य का लेप करना न फूल लगाना और न ही सजे-धजे बाल ही मनुष्य की शोभा बढ़ाते हैं जो संस्कार युक्त वाणी धारण की जाती है वह [illegible] सभ्य वाणी ही मनुष्य को सुशोभित करती है। सारे आभूषण नष्ट हो जाते हैं केवल वाणी का आभूषण ही सच्चा आभूषण है।	
	सत्यम् आभूषण किम् ?	वाग्भूषणं।
श्लोक-	विद्या रक्षति पितेव हिते नियुङ्क्ते कान्तेव चाभिरमयत्यपनीय खेदम्।। लक्ष्मी तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिं किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या।।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
श्लोक का अर्थ –	विद्या माता की तरह रक्षा करती है और पिता की तरह कल्याण में लगाती है, विद्या पत्नी के समान कष्ट को दूर कर आनन्दित करती है, विद्या लक्ष्मी को बढाती और सभी दिशाओं में यश फैलाती है इस प्रकार विद्या कल्पलता की तरह क्या-क्या सिद्ध नहीं करती अर्थात् विद्या से सभी कार्य सफल होते है	
प्रश्न	अस्मिन् श्लोके पितेव किम् अर्थ अस्ति ?	पिता की तरह

पुनरावृत्ति :–

प्र०1 के पुरुषं न विभूषयन्ति ?

प्र०2 कानि क्षीयन्ते ?

प्र०3 का एका पुरुषं समलङ् करोति ?

Ok
overall teaching was good

गृहकार्य :–

अच्छा बच्चों कल आप सारे श्लोकों की सप्रसंग व्याख्या करके लेकर लाओगे और याद करके आओगे

Lesson No : 5

Date 14-2-2012 Duration of the period

Pupil Teacher's Name प्रीति Pupil Teacher's Roll No. 729

Class 8th Average Age of the pupils

Subject संस्कृत Topic संघवाघो हि दुर्जय:

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

(i) विद्यार्थी एकता से ही शक्ति है इस वाक्य के उदाहरण देने की योग्यता रखते है।

(ii) विद्यार्थी एकता का प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते है।

(i) विद्यार्थी संगठन के उदाहरण देने की योग्यता रखते है।

(ii) विद्यार्थी संगठन का अर्थ बताने की योग्यता रखते है।

(i) विद्यार्थी संगठन का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते है।

(ii) विद्यार्थी संगठन द्वारा किसी भी कार्य को जीतने की परिकल्पना करने की योग्यता रखते है।

g which OSD(R →

(i) विद्यार्थी संगठन का संश्लेषण करने की योग्यता रखते है।

(ii) विद्यार्थी संगठन में शक्ति का मूल्यांकन करने की योग्यता रखते है।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

सामान्य **सहायक सामग्री** :-> चाक, डस्टर, संकेतक, श्यामपट्ट इत्यादि

विशिष्ट " "

पूर्वज्ञान परीक्षण :->

छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
जिस व्यक्ति से हम अपना सुख, दुःख बाँटते है उसे क्या कहते है?	मित्र
हम सभी को आपस में कैसे रहना चाहिए?	मिलजुलकर, भाईचारे से
मिलजुलकर रहने से क्या होता है?	एकता बढ़ती है व प्रेम भाव बढ़ता है।
किसे जीतना कठिन है?	संगठन
संगठन क्या है?	?

उपविषय की घोषणा :->

बच्चों आज हम संगठन को जीतना कठिन है नामक शीर्षक के विषय में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे।

CIMETRIX SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र - क्रियाएँ
संस्कृत गद्य	पुरा एकस्मिन् वृक्षे एका चटका प्रतिवसति स्म। कालेन तस्याः सन्ततिः जाता। एकदा कश्चिद् प्रमत्तः गजः तस्य वृक्षस्य अधः आगत्य तस्य शाखां शुण्डेन अत्रोटयत्। चटकायाः नीडं भुवि अपतत्। तेन अण्डानि विशीर्णानि अथ सा चटका व्यलपत्। तस्याः विलापं श्रुत्वा काष्ठकूटः नाम खगः दुःखेन ताम् अपृच्छत् - "भद्रे किमर्थं विलपसि इति।"	
प्रश्न →	प्रतिवसति का क्या अर्थ है?	निवास करना
गद्य की व्याख्या	पुराने समय में एक वृक्ष पर एक चिड़िया रहती थी। समय पर उसकी सन्तान हुई एक बार किसी मतवाले हाथी ने उस वृक्ष के नीचे आकर उसकी शाखा को सूंड से तोड़ दिया। चिड़िया का घोंसला भूमि पर गिर गया। उससे अण्डे टूट गए। अब वह चिड़िया रोने लगी उसका विलाप सुनकर काष्ठकूट नाम के पक्षी ने दुःख पूर्वक उससे पूछा - "अरी चिड़िया क्यों रो रही है"?	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्रा - क्रियाएँ
	चटकावदत् — "दुष्टेनैकेन गजेन मम सन्ततिः नाशिता। तस्य गजस्य वधेनैव मम दुःखम् अपसरेत्।" ततः काष्ठकूटः तां वीणारवा-नामन्याः मक्षिकायाः समीपम् अनयत्। तयोः वार्तां श्रुत्वा मक्षिकावदत् — "ममापि मित्रं मण्डूकः मेघनादः अस्ति। शीघ्रं तमुपेत्य यथोचितं करिष्यामि।" तदानीं तौ [illegible] गत्वा मेघनादस्य पुरः सर्वं वृत्तान्तं न्यवेदयताम्।	
प्रश्न —	अपसरेत् किम् अर्थं अस्ति?	दूर करना।
हिन्दी → व्याख्या	चिड़िया बोली — "एक दुष्ट हाथी ने मेरी सन्तान नष्ट कर दी। उस हाथी के वध से ही मेरा दुःख दूर होगा।" उसके बाद काष्ठकूट उस को वीणारवा नाम वाली मक्खी के पास ले गया। उन दोनों की बातचीत सुनकर मक्खी ने कहा — "मेरा भी मेघनाद नाम	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

क्र० बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र - क्रियाएँ
	वाला एक मेंढ़क मित्र है। जल्दी ही उसके पास जाकर जो उचित होगा वही करेंगे।" तब उन दोनों ने मक्खी के पास मेघनाद को सामने सारा समाचार कह दिया।	
गद्य -	मेघनादः अवदत् - "यथाऽहं कथयामि तथा कुरुतम मक्षिके! प्रथमं त्वं मध्याह्ने तस्य गजस्य कर्णे शब्दं कुरु, येन सः नयने निमील्य स्थास्यति। तदा काष्ठकूटः चञ्च्वा तस्य नयने स्फोटयिष्यति। एवं सः गजः अन्धः भविष्यति तृषार्तः सः जलाशयं गमिष्यति। मार्गे महान् गर्तः अस्ति। तस्य अन्तिके अहं स्थास्यामि शब्दं च करिष्यामि। मम शब्देन तं गर्तं जलाशयं मत्वा स तस्मिन्नेव गर्ते पतिष्यति।	
प्रश्न -	गर्ते किम् अस्ति ?	गड्ढे में।

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र - क्रियाएँ
	तथा चोक्तम् - बहूनामप्यसाराणां समवायो हि दुर्जयः ।	
हिन्दी व्याख्या	मेघनाद ने कहा - "जैसा मैं कहता हूँ वैसा तुम दोनों करो हे मक्खी, पहले तुम दोपहर के समय उस हाथी के कान में शब्द करना जिससे वह दोनों आँखे बन्द करके रुक जाएगा। तब काष्ठकूट चोंच से उसकी दोनों आँखें फोड़ देगा इस प्रकार वह अन्धा हो जाएगा प्यास से पीड़ित वह तालाब पर जाएगा रास्ते में बड़ा गड्ढा है उसके पास में रुक जाऊँगा और भी कहा है - अनेक निर्बलों का संगठन कठिनता से जीतने योग्य होता है। अर्थात् संगठन में ही शक्ति है।	

पुनरावृत्ति :-

(i) वृक्षे का प्रतिवसति स्म ?

(ii) गजः केन सरसाम् उत्तीर्यत ?

(iii) मक्षिकायाः मित्रं कः आसीत् ?

गृहकार्य :-

सभी विद्यार्थी इस पाठ का अर्थ याद करके लाएँगे ?

Teaching ~~well~~ w... [illegible]

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

Lesson No :.....9.............

Date....15-2-2012 | Duration of the period..........

Pupil Teacher's Name......प्रीति | Pupil Teacher's Roll No......729

Class.....6th | Average Age of the pupils..........

Subject.....संस्कृत | Topic.....उपसर्ग

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

! →

(i) विद्यार्थी उपसर्ग को पहचान ~~की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे

(ii) विद्यार्थी उपसर्ग को प्रत्यास्मरण ~~करने की योग्यता रखते हैं~~।

(i) विद्यार्थी उपसर्ग से सम्बंधित उदाहरण देने के योग्य है।

(ii) विद्यार्थी उपसर्ग का अर्थ बता ~~ने की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे

(i) विद्यार्थी उपसर्ग का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते हैं

(ii) विद्यार्थी उपसर्ग से सम्बन्धित कारण बताने के योग्य ~~रखते हैं~~ हो जाएँगे

(i) विद्यार्थी उपसर्ग से सम्बन्धित विश्लेषण कर सकेंगे

(ii) विद्यार्थी उपसर्ग से सम्बन्धित मूल्यांकन कर सकेंगे

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

सामान्य **सहायक सामग्री :-** चॉक, संकेतक, आइन इत्यादि

विशिष्ट

पूर्वज्ञान परीक्षण :-

छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
मूल शब्दों को जोड़कर जो नए -2 शब्द बनाए जाते हैं ?	शब्द निर्माण
शब्दों को मिलाकर क्या बनता है ?	वाक्य
उपसर्ग किसे कहते हैं ?	?

उपविषय की ~~घो~~ घोषणा :- अच्छा बच्चों ! हम उपसर्ग के विषय में अध्ययन करेंगे ।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण —

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र-क्रियाएँ
उपसर्ग का अर्थ	वे शब्दांश जो संज्ञा शब्दों या धातुओं से पहले लगकर उसके अर्थ को ही बदल देते हैं। उन्हें उपसर्ग कहते हैं जैसे — मान शब्द का अर्थ है इज्जत और अपमान शब्द का अर्थ है — बेइज्जती	
प्रश्न →	उपसर्ग की परिभाषा दीजिए ?	वे शब्दांश जो संज्ञा शब्दों या धातुओं से पहले लगकर उसके अर्थ को ही बदल देते हैं उन्हे उपसर्ग कहते है।
	इस प्रकार मान शब्द के आगे 'अप' (शब्द) उपसर्ग लग जाने से मान शब्द का अर्थ ही बदल गया उपसर्ग अनेक हे जो इस प्रकार है !—	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका - क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
प्र उपसर्ग	इस उपसर्ग का प्रयोग अधिक अथवा आगे की ओर अर्थ में किया जाता है जैसे :-	
(i)	प्र + गतिः = प्रगतिः	
(ii)	प्र + चारः = प्रचारः	
(iii)	प्र + कृतिः = प्रकृति	
प्रश्न :→	"प्र" उपसर्ग का कोई उदाहरण दीजिए ?	प्र + कारः = प्रकारः प्र + काशः = प्रकाशः
परा उपसर्ग -	इस उपसर्ग का प्रयोग प्रायः विपरीत अर्थ में किया जाता है जैसे -	
(i)	परा + जयः = पराजय	
(ii)	परा + जितः = पराजितः	
प्रश्न :-	परा उपसर्ग का कोई उदाहरण दीजिए ?	परा + क्रमः = पराक्रमः
अप उपसर्ग	यह उपसर्ग बुरे, हीन तथा अनुचित आदि अर्थों में प्रयुक्त होता है। जैसे :-	
(i)	अप + मानम् = अपमानम्	
(ii)	अप + यशः = अपयशः	
(iii)	अप + शब्द = अपशब्दः	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
अनु उपसर्ग	इस उपसर्ग का प्रयोग "पीछे" या बाद में आदि अर्थों में किया जाता है। जैसे :- अनु+शासनम् = अनुशासनम् अनु+भवः = अनुभव।	
प्रश्न	"अनु" उपसर्ग का कोई उदाहरण दीजिए ?	अनु+शासन = अनुशासन।
निस् उपसर्ग →	यह उपसर्ग 'निषेध' रहित एवं बिना आदि अर्थों में प्रयुक्त होता है जैसे (i) निस्+कपटः = निष्कपटः (ii) निस्+कामः = निष्कामः (iii) निस्+छलः = निश्छलः।	
दुस् उपसर्ग	इसका प्रयोग 'बुरे' तथा कठिन आदि अर्थों में प्रयुक्त होता है जैसे :→ (i) दुस्+करः = दुष्करः (ii) दुस्+कर्म = दुष्कर्मः (iii) दुस्+शासन = दुश्शासनः	
प्रश्न -	"दुस" उपसर्ग का कोई उदाहरण दीजिए ?	दुस+कर्मः = दुष्कर्मः।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पुनरावृति :→

प्र०1. उपसर्ग किसे कहते हैं?
प्र०2. परि व निस् उपसर्ग का कोई उदाहरण दीजिए?
प्र०3. दुस् उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए?

गृहकार्य :→

Q.1) उपसर्ग किसे कहते हैं? विस्तारपूर्वक वर्णन करो व याद करके लेकर आओगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

Lesson No :......10.......

Date......15-2-2012...... Duration of the period......

Pupil Teacher's Name...... प्रीति ...... Pupil Teacher's Roll No. ...... 720 ......

Class......6th...... Average Age of the pupils......

Subject...... संस्कृत ...... Topic...... वाच्य ......

अनुदेशनात्मक उद्देश्य :→

:→ विद्यार्थी वाच्य के बारे में जानने ~~की योग्यता रखते है~~ योग्य हो जाएँगे।

(i) विद्यार्थी वाच्य के बारे में प्रत्यास्मरण करने की योग्यता रखते है।

[illegible] :→ विद्यार्थी वाच्य के उदाहरण देने ~~की योग्यता रखते है~~ योग्य

(ii) विद्यार्थी वाच्य के अर्थ बताने ~~की योग्यता रखते है~~ योग्य हो जाएँगे

[illegible]रयोगात्मक [illegible]श्य :→ (i) विद्यार्थी वाच्य से सम्बन्धित परिकल्पनाओं का निर्माण करने की योग्यता रखते है।

(ii) विद्यार्थी वाच्य का निष्कर्ष निकालने ~~की योग्यता रखते है~~ सकेंगे।

(i) विद्यार्थी वाच्य का संश्लेषण करने ~~की~~ योग्य ~~रखते है~~ हो जाएँगे।

(ii) विद्यार्थी वाच्य का मूल्यांकन कर सकेंगे ~~है~~

सामान्य [illegible] :→ चाक, संकेतक, झाड़न, श्यामपट्ट इत्यादि।

विशिष्ट " "

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पूर्व ज्ञान परीक्षण :→

	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
(1)	कर्ता किसे कहते है ?	कार्य को करने वाला कर्ता कहलाता है ।
(2)	कर्म किसे कहते है ?	जिस पर क्रिया के व्यापार का फल पड़ता है । उसे कर्म कहते है ।
(3)	वाच्य किसे कहते है ?	?

उपविषय की घोषणा :→ बच्चों आज हम वाच्य के विषय में विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे ।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :→

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ	श्यामपट्ट
वाच्य का अर्थ	क्रिया का वह रूप जिससे यह बोध होता है कि क्रिया		

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	को मूल रूप से चलाने वाला कर्ता है कर्म है या भाव है वाच्य कहलाता है।	
	वाच्य के प्रकार :-	
(i)	कर्तृवाच्य	
(ii)	कर्मवाच्य	
(iii)	भाववाच्य	
प्रश्न	वाच्य किसे कहते हैं?	क्रिया का वह रूप जिससे यह बोध होता है कि क्रिया को मूल रूप से चलाने वाला कर्ता है या कर्म वाच्य कहलाता है
कर्तृवाच्य	जिन वाक्यों में कर्ता की प्रधानता होती और क्रिया के द्वारा मुख्य रूप से कर्ता का ही वर्णन किया जाता है, कर्तृवाच्य कहलाता है। इसमें अकर्मक तथा सकर्मक दोनों प्रकार की क्रियाएँ होती हैं। कर्तृवाच्य में कर्ता	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
	प्रथमा विभक्ति में कर्म द्वितीया विभक्ति में तथा क्रिया के पुरुष एव वचन कर्त्ता के अनुसार होते है । जैसे ! मोहन पुस्तकं पठति । (सकर्मक क्रिया) मोहन पुस्तक पढ़ता है । रामः पत्रं लिखति । (सकर्मक क्रिया) राम पत्र लिखता है । बालकः गच्छति । अकर्मक क्रिया बालक जाता है ।	
प्रश्न :→	वाच्य कितने प्रकार का होता है ?	तीन प्रकार का ।
अकर्मक क्रिया	जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की आवश्यकता नहीं पड़ती उसे अकर्मक क्रिया कहते है ।	
प्रश्न !→	वाच्य के प्रकारों के नाम लिखिए ?	(1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
अकर्मक क्रिया का उदाहरण	जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की आवश्यकता नहीं पड़ती उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं जैसे– श्यामः पठति। (श्याम पढ़ता है) मोहनः लिखति। मोहन लिखता है।	
प्रश्न :–	अकर्मक क्रिया का उदाहरण दो?	श्यामः पठति।
सकर्मक क्रिया	जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की आवश्यकता पड़ती है उसे सकर्मक क्रिया कहते है। जैसे:– राम पुस्तकं पठति। (राम पुस्तक पढ़ता है) मोहनं पत्रं लिखति। (मोहन पत्र लिखता है)	
प्रश्न :	सकर्मक क्रिया का कोई एक उदाहरण दो?	राम पुस्तकं पठति।
कर्मवाच्य	जब वाक्य में कर्ता की बजाय कर्म की प्रधानता होती है और क्रिया द्वारा मुख्य रूप से कर्म का वर्णन होता है वहाँ कर्मवाच्य होता है।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
कर्मवाच्य का उदाहरण :->	रामेण पुस्तकं पठ्यते। (राम से पुस्तक पढ़ी जाती है)	
भाववाच्य	जब वाक्य में न तो कर्ता की प्रधानता होती है और न ही कर्म की बल्कि का भाव क्रिया से स्पष्ट हो जाता है वह भाववाच्य कहलाता है जैसे:- रामेण हस्यते। राम के द्वारा हँसा जाता है।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

पुनरावृत्ति :-

प्र०1 वाच्य किसे कहते है ?

प्र०2 प्रश्न- कर्मवाच्य किसे कहते है

प्र०3. अकर्मक क्रिया से क्या तात्पर्य है।

गृहकार्य :-> वाच्य किसे कहते है और उसके प्रकारों का उदाहरण सहित व्याख्या करें।

Home work was given

Lesson No : 11

Date: 17-2-2012 Duration of the period:

Pupil Teacher's Name: प्रीति Pupil Teacher's Roll No.: 729

Class: 8th Average Age of the pupils:

Subject: संस्कृत Topic: सुभाषितम् (अर्द्धवचन)

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

(i) विद्यार्थी 'सुभाषितम्' का अर्थ जानने ~~की जिज्ञासा रखते है~~ सकेंगे

(ii) विद्यार्थी सुभाषितम का प्रत्यास्मरण ~~करने की योग्यता रखते है~~ कर सकेंगे।

→

(i) विद्यार्थी सुभाषितम के उदाहरण देने ~~की योग्यता रखते है~~ सकेंगे

(ii) विद्यार्थी सुभाषितम का अर्थ बताने ~~की योग्यता रखते है~~ सकेंगे।

→

(i) विद्यार्थी सुभाषितम का निष्कर्ष निकालने की योग्यता रखते हैं

(ii) विद्यार्थी सुभाषितम से सम्बन्धित परिकल्पना का निर्माण करने ~~की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे।

(i) विद्यार्थी सुभाषितम् का संश्लेषण कर सकते हैं।

(ii) विद्यार्थी सुभाषितम् का मुल्यांकन कर सकते हैं

CIMETRIX SKILLED INDIA SKILLED INDIA

सामान्य सहायक सामग्री :- चौक, डैस्टर संकेतक आदि।

विशिष्ट

पूर्वज्ञान परीक्षण

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्रा क्रियाएँ
(1) ऐसी कौन-सी वस्तु है जो नष्ट कभी नहीं होती ?	आत्मा
(2) समाज में मनुष्य की पहचान कैसे होती है ?	आचरण एवं धर्म के द्वारा
(3) आचरण मनुष्य कहाँ से सीखता है ?	ग्रन्थों से।
(4) ग्रन्थों में लिखे गए पद को क्या कहते है ?	?

उपविषय की घोषणा :-

अच्छा बच्चों ! आज हम सुभाषित के विषय में विस्तार पूर्वक अध्ययन करेंगें।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रिया	छात्रा क्रिया
सुभाषित (i)	पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि जलमन्नं सुभाषितम् मूढैः पाषाणखण्डेषु रत्न संज्ञा विधीयते।	
(ii)	यदि सत्सङ्गतिरतो भविष्यसि अथ दुर्जनसंसर्गे पतिष्यसि पतिष्यसि ॥	
अर्थ → (i)	पृथ्वी पर तीन रत्न है – जल अन्न और अच्छे कथन मूर्खों के द्वारा पत्थर के टुकड़ों को रत्न का नाम दिया जाता है।	
(ii)	यदि सज्जनों की संगति में लीन रहोगे तो कल्याण के पथ पर बने रहोगे । अन्यथा दुर्जनों की संगति में आसक्त रहोगे तो अपने कल्याण के मार्ग से भ्रष्ट हो जाओगे ।	
प्रश्न:-	पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि किम अस्ति ?	जलमन्नं सुभाषितम्

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
(iii)	गच्छन् पिपीलको याति योजनानां शतान्यपि । अगच्छन् वैनतेयोऽपि पदमेकं न गच्छति ।	
व्याख्या :-	जाता हुआ चींटा भी सैकड़ों कोसों तक चला जाता है न जाता हुआ गरुड़ भी एक कदम तक नहीं जा पाता ।	
प्रश्न :-	गच्छन् किम् अर्थ अस्ति ? जाता हुआ ।	
	शोको नाशयते धैर्य शोको नाशयते श्रुतम् शोको नाशयते सर्वं नास्ति शोकसमो रिपु ॥	
व्याख्या	शोक धैर्य को नष्ट करता है, शोक ज्ञान को नष्ट करता है शोक सब कुछ नष्ट कर देता है । अर्थात् शोक के समान कोई शत्रु नहीं होता ।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्रक्रियाएँ
प्रश्न	शौर्यं किम् नाशयति?	धैर्य।
सुभाषित पद्य	गौरवं प्राप्यते दानात् न तु वित्तस्य सञ्चयात् स्थितिरुच्चैः पयोदानां पयोधीनामधः स्थिति॥	
अर्थ→	दान का दान करने से गौरव प्राप्त होता है न कि संग्रह करने से जल देने वाले मेघों की स्थिति ऊपर होती है। तथा जल धारण करने वाले समुद्र की स्थिति नीची होती है।	
प्रश्न:-	गौरवं किम् प्राप्यते?	दानात्।
पद्य	सदीमस्त लीलया प्रोक्तं शिला लिखित मक्षरम्	
अर्थ→	सज्जनों के द्वारा ऐसी मजाक में कहा गया शब्द चट्टान पर लिखे हुए के समान होता है।	

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

पुनरावृत्ति :→

प्र०1 पृथिव्यां कति रत्नानि सन्ति ?

प्र०2 केषाम् उद्गमैः तरवः नम्राः भवन्ति ?

प्र०3 दानात् किं प्राप्यते ?

गृहकार्य :—

प्र०1 सभी श्लोकों के अर्थ लिखिए ?

प्र०2 सभी श्लोकों को याद करके तथा अपनी नोट बुक में लिखकर लाइये ?

Home work was given

CIMETRIX
SKILLED INDIANS SKILLED INDIA

Lesson No : 12

Date 18-2-2012 Duration of the period

Pupil Teacher's Name प्रीति Pupil Teacher's Roll No 729

Class 9th Average Age of the pupils

Subject संस्कृत Topic मूर्ख मित्रम

अनुदेशनात्मक उद्देश्य

(i) विद्यार्थी मित्रता के बारे में जानने ~~की योग्यता रखते हैं~~ योग्य हो जाएंगे।

(ii) विद्यार्थी मित्रता के विषय में प्रत्यास्मरण ~~करने की योग्यता रखते हैं।~~ कर सकेंगे

CIMETRIX
SKILLED INDIANS · SKILLED INDIA

(iii) विद्यार्थी मित्रता के उदाहरण देने ~~की योग्यता रखते हैं~~ सकेंगे।

(iv) विद्यार्थी मित्रता और मूर्ख मित्रता में अन्तर करने ~~की योग्यता रखते हैं।~~ हो जाएंगे।

(i) विद्यार्थी मित्रता से सम्बन्धित निष्कर्ष निकालने ~~की योग्यता रखते हैं~~ योग्य हो जाएंगे।

(ii) विद्यार्थी मित्रता से सम्बन्धित परिकल्पनाओं का निर्माण करने ~~की योग्यता रखते हैं~~ हो जाएंगे

सामान्य
विशिष्ट

सहायक सामग्री :-> चॉक, डैस्टर, संकेतक इत्यादि
" "

पूर्वज्ञान परीक्षण :->

छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
1 अच्छा बच्चों ये बताइए हमारे ग्रन्थ कौन-2 से है ?	रामायण, महाभारत इत्यादि।
(2) जामवन्त, हनुमान, सुग्रीव आदि पात्रों में से किसका चेहरा बन्दर जैसा है ?	हनुमान।
(3) हनुमान का चेहरा किस पशु जैसा है ?	बन्दर।
(4) बन्दर (पशु) को आप मूर्ख या बुद्धिमान कौन-सी श्रेणी में रखोगे ?	?

उपविषय की घोषणा :-> अच्छा तो बच्चों आज हम राजा और बन्दर की मूर्ख मित्रता के विषय में अध्ययन करेंगे।

CIMETRIX
SKILLED INDIANS - SKILLED INDIA

प्रस्तुतीकरण :-

शिक्षण बिन्दु	छात्राध्यापिका क्रियाएँ	छात्र क्रियाएँ
